Regarding Business of the House

माननीय अध्यक्ष **:** किरेन रिजिजू जी, क्या आप कुछ बोलना चाहते हैं?

संसदीय कार्य मंत्री**;** तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री **(**श्री किरेन रिजिजू**) :** सर, मैं इस सदन में आपके ध्यान में यह लाना चाहता हूं कि सबसे पहले वक्फ अमेंडमेंट बिल में डिस्कशन का जो पुराना रिकॉर्ड था, जब एस्मा एक्ट पर वर्ष 1981 में चर्चा हुई थी तो उसमें 16 घंटे 51 मिनट तक डिस्कशन हुआ था । उसका रिकॉर्ड तोड़कर कल राज्य सभा में 17 घंटे 2 मिनट तक, आज तक की हिस्टोरिक सबसे लंबी चर्चा करके, किसी बिल को पारित किया गया ।

मैं लोक सभा के भी पूरे मेम्बर्स को धन्यवाद देता हूं और अभिनंदन करता हूं कि उन्होंने देर रात तक बैठकर कामकाज किया । ? (व्यवधान) मेरे पास एक ही मुद्दा है । कई सांसद मेरे पास आए थे और उन्होंने आकर मुझसे कहा कि इतनी मेहनत करने के बावजूद भी दूसरे सदन के एक सदस्य ने यह एलिगेशन लगाया कि बिना चर्चा के, बुलडोज करके बिल पास किया गया है । ? (व्यवधान) इतनी मेहनत करके और इतनी देर तक चर्चा करके, नियम और प्रॉसेस को फॉलो करते हुए काम करने के बाद तारीफ करने की जगह यह कहा गया कि बुलडोज करके बिल पास किया गया ।

<u>12.03 hrs</u>

At this stage, Shri B. Manickam Tagore and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

अध्यक्ष महोदय, इसके लिए मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप इस संबंध में एक एप्रोप्रिएट रूलिंग या ऑर्डर दें ।? (व्यवधान)

<u>12.03½ hrs</u>